# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–07 अगस्त 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अपने किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं करेगा। नई दिल्ली में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती पर खर्च कम करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार का मानना है कि राष्ट्र की प्रगति का आधार किसानों की शक्ति है।

***हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों के, पशुपालकों के और मछुआरे भाई–बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉक्टर स्वामीनाथन ने भारत को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के आंदोलन का नेतृत्व किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सम्भल जिले के बहजोई में छः सौ उन्सठ करोड़ की दो सौ बाइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने सम्भल में उत्खनन के दौरान प्राप्त हुए पुरातात्विक वस्तुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्री योगी ने सम्भल संवाद ऐप का उद्घाटन भी किया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्होंने मकान की चाबी और प्रमाण पत्र दिये।

लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्भल में कभी अड़सठ तीर्थ, उन्नीस पावन कूप और परिक्रमा मार्ग रहे हैं। हमारी सरकार इन तीर्थों और कूपों के पुनरूद्धार करायेगी। इस अवसर पर उन्होंने रक्षाबंधन और आगामी त्योहारों की प्रदेशविसियों को शुभकामनाएं भी दीं।

***हमारी सरकार ने तय किया है 8, 9, 10 अगस्त को हर बहन के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम और नगर विकास कि बसों में फ्री में यात्रा की सुविधा उपलब्ध रहेगी एक सहयात्री के साथ में वें उत्तर प्रदेश के अन्दर कही से भी कही तक यात्रा कर सकती है। कोई किराया उनसे चार्ज नही होगा ये बहनो को ये डबल इंजन की एक उपहार हैं।***

**********

प्रदेश सरकार ने सोनभद्र को धार्मिक, पर्यटन और कैम्पिंग सर्किट के रूप में विकसित करने का निर्णय किया है। इससे न सिर्फ स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि विभिन्न तरह के पर्यटनों को बढ़ावा मिलेगा। इसे लेकर लखनऊ के गोमती नगर में आज एक बैठक भी हुयी, जिसमें समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण, वन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना और समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड़ शामिल हुए।

**********

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने की वजह से प्रदेश के बीस से अधिक जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। वाराणसी, बदायूं, प्रयागराज, मिर्जापुर, गाजीपुर औऱ बलिया में गंगा, नैनी में यमुना, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी, अयोध्या में घाघरा औऱ श्रावस्ती में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। नेपाल से पानी छोड़े जाने और पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बारिश से अयोध्या में सरयू नदी खतरे के निशान से तीस सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। नदी का जलस्तर प्रतिघंटे एक सेंटीमीटर बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट घोषित करते हुए प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। बाढ़ के कारण प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के दो लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी करने के साथ ही प्रभारी मंत्रियों को अपने–अपने क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों पर नजर बनाये रखने का निर्देश दिया है। उधर मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों में प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की सम्भावना जतायी है।

**********

आज पूरे देश में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा है कि आज का दिन बुनाई की हमारी समृद्ध परंपराओं के उत्सव का दिन है, जो हमारे बुनकरों की रचनात्मक कुशलता को दर्शाती है। हमें भारत की हथकरघा विविधता और आजीविका तथा समृद्धि को बढ़ावा देने में इस दिवस की भूमिका पर गर्व है।

**********

हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश भर में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इस बीच, भारत सरकार ने नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे जागरुकता बढ़ाने से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने कहा कि यह प्रतियोगिता, मेरा युवा भारत पहल के अंतर्गत आयोजित की जा रही है । नागरिक, माय भारत पोर्टल पर क्विज में भाग ले सकते हैं।

**********